डेली करेंट अफेयर्स क्विज - 07 फ़रवरी 2023

प्रश्न -1

किस निम्नलिखित एसेट मैनेजमेंट कंपनी के द्वाराभारत का पहला ओपन-एंडेड पैसिव शॉर्ट-ड्यूरेशन इंडेक्स फंड लॉन्च किया गया है?

A) एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट
B) ICICI प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट
C) कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट
D) टाटा एसेट मैनेजमेंट

सही उत्तर: A

एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट ने भारत की पहली ओपन-एंडेड पैसिव शॉर्ट-ड्यूरेशन इंडेक्स स्कीम के लिए एक न्यू फंड ऑफर (NFO) लॉन्च किया है। एडलवाइस क्रिसिल IBX 50:50 गिल्ट प्लस SDL शॉर्ट ड्यूरेशन इंडेक्स फंड नामक यह योजना भारत सरकार के बॉन्ड (IGB) और राज्य विकास ऋण (SDL) के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करेगी।

प्रश्न-2

भारत में रोल्स रॉयस समुद्री डीजल इंजन बनाने के लिए , निम्नलिखित में से किस कंपनी ने जर्मनी के रोल्स रॉयस सॉल्यूशंस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?

A) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
B) गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड
C) हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड
D) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड

सही उत्तर: B

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) लिमिटेड ने भारत में उच्च गुणवत्ता वाले समुद्री डीजल इंजनों के निर्माण के लिए जर्मनी के रोल्स रॉयस सॉल्यूशंस के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत , GRSEऔर रोल्स रॉयस सॉल्यूशंस तकनीकी रूप से उन्नत MTU S4000 सरकारी समुद्री इंजनों के लाइसेंस उत्पादन और स्थानीयकरण में सहयोग करेंगे।

डेली करेंट अफेयर्स क्विज - 07 फ़रवरी 2023

प्रश्न-3

निम्नलिखित में से किस कंपनी ने हाल ही में पापुआ न्यू गिनी के लिए AVGAS (विमानन गैसोलीन) 100 LL की पहली निर्यात खेप को हरी झंडी दिखाई है?

A) भारत पेट्रोलियम लिमिटेड
B) हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड
C) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
D) तेल और प्राकृतिक गैस निगम

सही उत्तर: C

पापुआ न्यू गिनी के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) ने छोटे विमानों और मानवरहित विमानों (ड्रोन) के लिए अपने विशेष विमानन ईंधन AVGAS 100 LL का निर्यात शुरू कर दिया है। खेप में 80 बैरल में पैक किए गए 16 किलो लीटर (KL) AVGAS शामिल थे। यह भारत द्वारा (विमानन गैसोलीन) निर्यात करने का पहला उदाहरण है।

प्रश्न-4

निम्नलिखित में से किसे NMDC लिमिटेड के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया था?

A) अमित पंघाल
B) निकहत जरीन
C) पी.वी सिंधु
D) विनेश फोगाट

सही उत्तर: B

हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) लिमिटेड ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियन और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निकहत जरीन के साथ NMDC को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्रतिनिधित्व करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoA) पर हस्ताक्षर किए हैं।

डेली करेंट अफेयर्स क्विज - 07 फ़रवरी 2023

प्रश्न-5

निम्नलिखित में से किसने 'द पॉवर्टी ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी: हाउ इकोनॉमिक्स एबंडन द पुअर' नामक एक नई पुस्तक लिखी है?

A) मैल्कम सॉयर
B) मेघनाद देसाई
C) फिलिप एरेस्टिस
D) शीला डाउ

सही उत्तर: B

भारत में जन्मे ब्रिटिश अर्थशास्त्री मेघनाद देसाई ने 'द पॉवर्टी ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी: हाउ इकोनॉमिक्स एबंडन द पुअर' नामक एक नई पुस्तक लिखी है। यह पुस्तक हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है।

प्रश्न-6

अगले 8 से 10 वर्षों में सालाना 12 अफ्रीकी चीतों को लाने के लिए, भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?

A) केन्या
B) नामीबिया
C) दक्षिण अफ्रीका
D) तंज़ानिया

सही उत्तर: C

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अगले आठ से दस वर्षों में सालाना 12 अफ्रीकी चीतों को लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किएहैं। समझौते के अनुसार, फरवरी 2023 में 12 चीतों के शुरुआती जत्थे को दक्षिण अफ्रीका से भारत लाया जाएगा।

डेली करेंट अफेयर्स क्विज - 07 फ़रवरी 2023

प्रश्न-7

राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नया नाम निम्नलिखित में से कौन सा है?

A) अमृत उद्यान
B) आनंद उद्यान
C) राजेंद्र प्रसाद उद्यान
D) शांति उद्यान

सही उत्तर: A

केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति भवन में 1928-29 में बने मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया है। फारसी चारबाग से प्रेरित, अमृत उद्यान राष्ट्रपति भवन की सबसे प्रसिद्ध विशेषताओं में से एक है।

प्रश्न-8

निम्नलिखित में से किस देश को हराकर, भारत ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2023 का खिताब जीता?

A) ऑस्ट्रेलिया
B) इंग्लैंड
C) दक्षिण अफ्रीका
D) श्रीलंका

सही उत्तर: B

भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर अंडर- 19 महिला टी-20 विश्व कप 2023 का खिताब जीत लिया है। भारत ने पहले इंग्लैंड को 17.1 ओवर में 68 रन पर समेट दिया और फिर 14 ओवर में मामूली लक्ष्य को हासिल कर के खिताब अपने नाम किया।

डेली करेंट अफेयर्स क्विज - 07 फ़रवरी 2023

प्रश्न-9

गुजरात पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड ने निम्नलिखित में से किसे गुजरात मैरीटाइम क्लस्टर के CEO के रूप में नियुक्त किया है?

A) आलोक जोशी
B) अश्विनी ग्रोवर
C) माधवेंद्र सिंह
D) राहुल दयाल

सही उत्तर: C

गुजरात पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड ने माधवेंद्र सिंह को गुजरात मैरीटाइम क्लस्टर के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में नियुक्त किया है। गुजरात मैरीटाइम क्लस्टर (GMC) देश में अपनी तरह का पहला वाणिज्यिक समुद्री क्लस्टर है जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मानकों की समुद्री सेवाओं के लिए एक केंद्र बनाना है।

प्रश्न-10

30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस हाल ही में निम्नलिखित में सेकिस शहर में आयोजित की गई थी?

A) अहमदाबाद
B) मुंबई
C) पुणे
D) वाराणसी

सही उत्तर: A

30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 27 जनवरी को अहमदाबाद के साइंस सिटी में आयोजित की गई थी। गुजरात विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव विजय नाहेरा ने शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर की वर्चुअल उपस्थिति में कांग्रेस का उद्घाटन किया।